# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–14 नवम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी राज्य बिहार में हुई मतगणना में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए की जीत पर बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह जनादेश विकास, सुशासन, समृद्धि और स्थिरता के उस मार्ग का समर्थन है, जिस पर नया बिहार आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है। आज सुबह आठ बजे से बिहार के दो सौ तैंतालीस विधानसभा सीटों के लिए शुरू हुई मतगणना के शाम पांच बजे तक प्राप्त परिणामों के अनुसार एनडीए गठबंधन बहुमत से आगे चल रहा था।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में आज जनहित के कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। एक रिपोर्ट–

**कैबिनेट ने राज्य में किरायेदारी को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए 10 वर्ष तक की अवधि के किरायानामा विलेखों पर स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट को मंजूरी दी है। नई व्यवस्था के अनुसार अधिकतम स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्री शुल्क की सीमा तय कर दी गई है। यह सीमा किरायेदारी की अवधि और औसत वार्षिक किराए के आधार पर लागू होगी। कैबिनेट के एक अन्य निर्णय के मुताबिक पंचम संशोधन नियमावली 2025 के तहत अब लेखपाल के कुल पदों में से दो प्रतिशत पद योग्य चैनमैन को पदोन्नति के आधार पर दिए जा सकेंगे। एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में कैबिनेट ने दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 में महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी देते हुए इसकी सीमा नगरीय क्षेत्रों से बढ़ाकर पूरे प्रदेश तक कर दी है। कैबिनेट ने राज्य में वृद्धावस्था पेंशन को लेकर भी एक बड़ा निर्णय लिया है। अब पात्र वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन के लिए अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। फैमिली आईडी 'एक परिवार–एक पहचान' प्रणाली से पात्र लाभार्थियों का स्वतः चिन्हीकरण होगा और उनकी सहमति मिलने पर पेंशन सीधे स्वीकृत की जाएगी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

बैठक में हुए फैसलों की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यह भी बताया कि मंत्रिपरिषद ने बागपत जिले में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए करीब पांच हेक्टेयर निःशुल्क जमीन चिकित्सा शिक्षा विभाग को देने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है।

**********

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि राज्य  में यूरिया, डीएपी, एनपीके और एमओपी जैसे उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। यह जानकारी उन्होंने आज लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कहीं भी खाद की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि खाद की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए भी पर्याप्त उपाय किए जा रहे हैं।

**********

पूरा देश राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के एक सौ पचासवें वर्ष का उत्सव गर्व और स्वाभिमान के साथ मना रहा है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**सरकार ने राष्ट्र गीत वंदे मातरम के एक सौ 50वें वर्ष के उपलक्ष्य में 7 नवंबर से चार चरणों में राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव शुरू किया है। इस दौरान स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया गया है, साथ ही बंकिम चंद्र चटर्जी की कलम से राष्ट्र के हृदय तक वंदे मातरम की यात्रा को दर्शाने वाली प्रदर्शनियाँ और फिल्में भी प्रसारित की जा रही हैं। पूरे वर्ष विभिन्न मंचों पर विशेष कार्यक्रम और संगीतमय प्रस्तुतियां होंगी। राष्ट्र के गौरवशाली अतीत को एकीकृत, आत्मनिर्भर और सांस्कृतिक रूप से जीवंत बनाने के लिये वृक्षारोपण अभियान, राजमार्गों पर देशभक्ति से ओतप्रोत भित्ति चित्र और दुनिया भर में भारतीय दूतावासों पर सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन एकता और गौरव का संदेश देंगे। बंकिम चंद्र के जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम की भूमिका पर लघु फिल्में युवाओं को प्रेरित करेने के साथ–साथ देशभक्ति की साझा भावना को सशक्त करेंगी। शिवांग और सौम्या के साथ, आकाशवाणी समाचार के लिए मैं चंद्रशेखर शर्मा।**

**********

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती आज बाल दिवस के तौर पर मनाई जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस अवसर पर आज राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में विभिन्न स्कूलों और संगठनों के बच्चों के साथ बातचीत की। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट में बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। प्रदेश के कई जिलों में बाल दिवस पर विविध आयोजन भी किए जा रहे हैं।

**********

आज विश्व मधुमेह दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मऊ जिले में रैली और नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को मधुमेह के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। गोरखपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स गोरखपुर और स्वास्थ्य विभाग ने छह आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मधुमेह स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया। इन मेलों में मधुमेह की स्क्रिनिंग के साथ–साथ मरीजों और उनके परिजनों की काउंसिलिंग भी की गई।

**********